महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
वेदविद्या मार्ग, चिन्तामण गणेश, पो.ऑ. – जवासिया, उज्जैन – 456006 (म.प्र.)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan
(Ministry of Education, Govt. of India)
Ved Vidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasia, Ujjain – 456006 (M.P.)

प.सं.17-3/2025(प्र./वि.)/मसारावेविप्र/ दिनांक : 14.05.2025

**कार्यालय आदेश** – 1698

**विषय : प्रतिष्ठान से अनुदानित वेदपाठशालाओं / इकाइयों के छात्रों को महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड से पृथक अन्य किसी बोर्ड /विश्वविद्यालय की परीक्षा में सम्मिलित होने पर छात्रवृत्ति निरस्त करने के सम्बन्ध में ।**

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सं. 3-4/2018- skt I दिनांक 8.8.2022 के द्वारा **महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड (मसरावेसंशिबोर्ड)** की स्थापना की गई है । महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड को **भारतीय विश्वविद्यालय संघ** (Association of Indian Universities) एवं **अखिल भारतीय तकनीकि शिक्षा परिषद** (AICTE) के द्वारा वेदभूषण -कक्षा 10वीं एवं वेदविभूषण -12वीं बोर्ड समकक्ष परीक्षाएं आयोजित करने हेतु मान्यता एवं सम्बद्धता प्रदान की गई है । इसके साथ ही UGC ने भी विश्वविद्यालयों में प्रवेश हेतु प्रतिष्ठान के वेदभूषण (कक्षा 10वीं) तथा वेदविभूषण (कक्षा 12वीं) परीक्षाओं को बोर्ड की मान्यता प्रदान की है ।

शैक्षणिक सत्र 2022-23 से महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन से अनुदानित समस्त वेदपाठशाला/गुरू-शिष्य परम्परा इकाइयों में प्रतिष्ठान द्वारा संचालित वेदभूषण (कक्षा 10वीं) एवं वेदविभूषण (कक्षा 12वीं) पाठ्यक्रम अध्ययनरत छात्रों की वार्षिक परीक्षाएं **महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड** के अन्तर्गत आयोजित की जा रही है । संपूर्ण भारत वर्ष में इस परीक्षा की मान्यता है ।

यह ध्यान में आया है, कि वर्तमान में कुछ वेदपाठशालाओं तथा कुछ इकाइयों में अध्ययनरत कुछ छात्र भी अन्य राज्य बोर्ड /केन्द्र बोर्ड द्वारा आयोजित पूर्व मध्यमा, उत्तरमध्यमा, कक्षा 10वीं, 12वीं की परीक्षाओं में उपस्थित हो रहे हैं ।

प्रतिष्ठान द्वारा पूर्व में भी वेदपाठशालाओं / इकाइयों को निर्देशित किया गया है, कि प्रतिष्ठान से अनुदानित वेदपाठशाला/इकाइयों में अध्ययनरत छात्रों को केवल वेदभूषण एवं वेदविभूषण पाठ्यक्रम की **महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित की जानी वाली परीक्षाओं में ही उपस्थित रहना है । अन्य किसी बोर्ड / विश्वविद्यालय से सम्बन्धित परीक्षाओं में अध्ययन करने / परीक्षा में सम्मिलित होने की स्थिति में छात्र की स्वत: व्यय राशि तथा रखरखाव छात्रवृत्ति भुगतान नहीं की जाएगी ।**

इसी प्रकार प्रतिष्ठान द्वारा शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत बजट के अन्तर्गत वेद पाठशालाओं/इकाई अध्यापकों को मानदेय एवं वेद अध्ययनरत छात्रों के भोजन, आवास हेतु प्रतिमाह राशि रू. 3500/- वेदपाठशाला / इकाई अध्यापक के बैंक खातें में तथा वेद छात्रों के अभिभावक संग संयुक्त बैंक खातें में राशि रू. 1500/- प्रतिमाह छात्र स्वत: व्यय राशि के रूप में प्रदान की जाती है । अत: वेदपाठशाला प्रबंधक एवं इकाई अध्यापक छात्रों के वेदपाठशाला / इकाई में प्रवेश हेतु किसी भी प्रकार की राशि नहीं लें ।

**शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रतिष्ठान द्वारा अनुदानित वेदपाठशाला / इकाई में अध्ययनरत किसी भी छात्र की प्रतिष्ठान / महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अतिरिक्त अन्य किसी स्थानीय /राज्य शासन / केन्द्र शासन के बोर्ड में परीक्षार्थी होने पर छात्रवृत्ति स्वत: निरस्त होगी ।**

14/5

निरन्तर....

Tele : 0734-2502266, 2502254, 2502255 Fax : 0734-2502266
E-mail :msrvvpujn@gmail.com Website : msrvvp.ac.in

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
वेदविद्या मार्ग, चिन्तामण गणेश, पो.ऑ. – जवासिया, उज्जैन – 456006 (म.प्र.)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan
(Ministry of Education, Govt. of India)
Ved Vidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasia, Ujjain – 456006 (M.P.)



वेदपाठशाला प्रबंधक / गुरु-शिष्य परम्परा इकाई अध्यापकों को यह सुनिश्चित करना है, कि छात्र प्रतिष्ठान /बोर्ड पाठ्यक्रम का संपूर्ण अध्ययन करें तथा परीक्षा में उपस्थित रहे। छात्र के परीक्षा में अनुपस्थित रहने पर अथवा अन्य किसी बोर्ड की परीक्षा में उपस्थिति होने पर छात्र को जारी की गई छात्रवृत्ति स्वत: ही पाठशाला प्रबंधक / इकाई अध्यापक द्वारा प्रतिष्ठान को लौटाना होगा, अन्यथा छात्र को जारी की गई छात्रवृत्ति का समायोजन अध्यापक के अनुदान से किया जाएगा।

दो बोर्ड से एक साथ प्रमाण पत्र प्राप्त करना गैर-कानूनी है तथा छात्र के भविष्य के लिए भी उचित नहीं हैं।

14/5

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

प्रतिलिपि : (1) प्रतिष्ठान द्वारा अनुदानित वेदपाठशालाओं के आधुनिक विषय अध्यापकों को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ।

(2) श्रीकांत चौबे, अनुभाग अधिकारी - सख्ती से अनुपालन के लिए।

(3) कार्यालय आदेश पत्रावली।

Tele : 0734-2502266, 2502254, 2502255 Fax : 0734-2502266
E-mail :msrvvpujn@gmail.com Website : msrvvp.ac.in